# HIRANANDANI FOUNDATION SCHOOL, THANE

## SECOND PRELIMINARY EXAMINATION , JANUARY 2019

## SUBJECT : HINDI

STD- X
DATE- 07/01/2019

TIME-3:00 HRS
M.MARKS - 80

**Answer to this paper must be written on paper provided separately.**
**You will not be allowed to write during the first 10 minutes.**
**This time should be spent in reading the question paper.**
**The time given at the head of the paper is the time allowed for writing the answers.**

This paper comprises of two sections - **section A and section B.**
Attempt all questions from **section A.**
Attempt any four questions from **section B,** answering at least one question each from the two books you have studied and any two other question.
The intended marks for the question or the parts of the questions are given in brackets().
This paper consists of 5 printed pages.

### Section A (40 marks)

Attempt all questions

### Question1

**Write a composition in HINDI in approximately 250 words on any one of the following topics:** (15)

निम्नलिखित किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में लेख लिखिए ।


(i) अगर आप मतदाता (Voter) होते तो [illegible] में होने वाले आम चुनावों में आप किन - किन मुद्दों को आधार बनाकर अपने बहुमूल्य मत (Vote) का प्रयोग करते । उन्हें पूरा कराने के लिए आप राजनेताओं को किस प्रकार बाध्य करते । अपने मत के महत्त्व को समझाते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

(ii) भारत की विविधता में एकता (Unity in Diversity) है। आप इस कथन से सहमत है ? क्यों ? अपने विचारों द्वारा इसकी पुष्टि करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

(iii) सामाजिक प्राणी होने के कारण मानव पर संगति का बहुत प्रभाव पड़ता है । सत्संगति से लाभ एवं कुसंगति से होने वाली हानियों की चर्चा करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

(iv) मधुर वचन है औषधि कटुक वचन है तीर................... इस उक्ति को आधार बनाकर कोई मौलिक कहानी लिखिए ।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए । अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बंध चित्र से होना चाहिए ।




... DEPOT
... Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050




4.

## Question 2

(7)

**Write a letter in HINDI in approximately 120 words on any ONE of the following topics:**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए ।**

(i) स्थानीय अस्पताल के मुख्य अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि विभिन्न डॉक्टर समय पर नहीं आते । विशेषज्ञ तो विशेष रूप से मरीजों पर ज्यादा ही रौब गांठते हैं । उनके व्यवहार में मानवता का पुट लाने का निवेदन कीजिए ।

(ii) आपके माता - पिता को किसी कारणवश आपके प्रति कोई गलतफहमी हो गई थी । उसका कारण बताते हुए अपने पिता को एक पत्र लिखिए और आपके व्यवहार में उन्हें जो त्रुटि दिखाई दी हो उसके लिए क्षमा माँगिएँ ।

## Question 3

**Read the passage given below carefully and answer in HINDI the questions that follow, using your own words as far as possible:**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तार यथासंभव आपके अपने शब्दों में दीजिए ।**

वसंत ऋतु का आगमन को चुका था , परन्तु कोयल और मोर उदास थे । जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कौवे को बनाया । जाँच द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर की मुँडेर पर बैठे थे कि तभी उनकी नजर एक घर पर चल रहे टेलीविजन पर पड़ी जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था । दोनों बड़े ही चाव से कार्यक्रम देखने लगे । मोरपंख पहन कर एक स्त्री नाच रही थी और गायिका मधुर स्वर में गा रही थी । कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देखकर दोनों उदास हो गए । वे सोचने लगे हम दिन - रात मधुर वाणी और मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते हैं पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कभी कुछ नहीं कहा । कौवे को जब इन बातों का पत चला तो उसने दोनों को समझाया कि पक्षियों में सबसे निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है । मेरे सारे गुणों को ताक में रख दिया जाता है । हम आस-पास की गंदगी साफ कर देते हैं । हम अन्य पक्षियां की तरह झगड़ते नहीं हैं ।हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी नहीं होता है । जब हमारा साथी मर जाता है तो हम सभी एकत्र होकर काँव - काँव कर अपना दुःख प्रकट करते हैं । हम मित्रों और मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं । फिर भी लोग हमारा सम्मान नहीं करते । गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं । फल की इच्छा नहीं करते हैं । क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए ही गाते और नाचते रहे । इस पर्यावरण को खुशहाल रखने में क्या तुम्हारी सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं है ।

कौवे की बातें उन दोनों की समझ में आ गई । उसी समय जंगल में काले बादल छा गए । मोर और कोयल झूम - झूम कर नाचने और गाने लगे । सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गई । उनके साथ - साथ सभी पशु - पक्षी , पेड़ - पौधे , झूमने , गाने और चहचहाने लगे । मोर नाचता रहा , उसके आँसू बहते रहे। कौवे ने कहा , भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर में लगाते हैं , क्या इससे भी बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है ? इसी भाव से कोयल को भी समझाया । दोनों के पास खुशी के आँसू थे ।

(i) मोर और कोयल उदास क्यों थे ? (2)

(ii) जंगल के राजा ने उनकी उदासी का पता लगाने के लिए क्या किया ?
कोयल और मोर किस ऋतु में उदास थे ? (2)

(iii) कौवे ने अपना उदाहरण क्या कहकर दिया ? (2)

(iv) कौवे की बातों का दोनों पर क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

(v) उन्हें अपने-अपने पुरस्कार किस रूप में प्राप्त हुए ? (2)

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.



Scanned by CamScanner

## Question 4

**Answer the following questions according to instructions given:**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:

(i) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइए । (1)

क) अग्नि ख) उर्मि

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (1)

क) अनोखा ख) निडर

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से ~~किन्हीं दो~~ शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए । Answer all (~~1~~) 2

क) विवाद ख) सच्चरित्र ग) घर घ) जंगली

(iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए । (1)

क) हक्का बक्का रह जाना ख) टका -सा जवाब देना

(v) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए । (1)

क) प्रसारित ख) कुशल

(vi) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए ।

क) जेष्ट ख) युधिष्ठर (1)

(vii) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए । (2)

क) विजया उसके सामने खड़ी थी। (वाक्य सामान्य वर्तमान काल में बदलिए )

ख) रवींद्रनाथ टैगोर कोलकाता में जन्मे थे।
(वाक्य में जन्मे थे के बदले में आँखें खोली थी का प्रयोग कीजिए )

9821263050

### Section B (40 marks)

Attempt four questions from this section.
You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.

साहित्य सागर (गद्य)

## Question 5

**Read the extract given below and answer in HINDI the questions that follow.**
नीचे लिखे गद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।

> विश्वेश्वर हतबुद्धि होकर वहीं खड़े रह गए । उन्होंने फटी हुई पतंग उठाकर देखी । उस पर चिपके हुए कागज पर लिखा हुआ था - काकी

(i) विश्वेश्वर के हतबुद्धि होने का क्या कारण था ? (2)

(ii) किसने किसको एक ही डाँट में क्या बताया ? (2)

(iii) पतंग पर काकी क्यों लिखा गया था ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । (3)

(iv) विश्वेश्वर श्यामू के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन क्यों नही कर पाए ? उसका क्या परिणाम हुआ ? स्पष्ट कीजिए । (3)



Scanned by CamScanner

## Question 6

**Read the extract given below and answer in HINDI the questions that follow.**
**नीचे लिखे गद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।**

लेकिन भाई ! एक बात अभी भी समझ में नहीं आई । हालदार साहब ने पानवाले से फिर पूछा , नेताजी का ओरिजिनल चश्मा कहाँ गया ?

(i) उपर्युक्त प्रश्न पूछने का क्या कारण है ? (2)
(ii) मूर्ति के बदलते हुए चश्मे का क्या कारण था ? (2)
(iii) हालदार साहब के अनुसार मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा क्यों नहीं लगाया जा सका ? स्पष्ट कीजिए । (3)
(iv) नेताजी का चश्मा पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । (3)

## Question 7

**Read the extract given below and answer in HINDI the question that follow.**
**नीचे लिखे गद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।**

आखिर क्या हो गया ऐसा , रूकना ही पड़ा , सुनें तो ! दो – तीन कंठ एक साथ बोले ।

(i) चित्रा ने देर से आने का क्या कारण बताया ? (2)
(ii) चित्रा को किस चित्र ने किस प्रकार की उपलब्धि प्रदान की । (2)
(iii) चित्रा कितने वर्ष बाद भारत लौटी ? भारत आने पर उसके लिए क्या किया गया ? स्पष्ट कीजिए । (3)
(iv) चित्रा और अरुणा में आपको क्या अंतर दिखाई देता है ? दोनों किस कारण दो कलाकार हुए ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । (3)

साहित्य सागर (पद्य)

## Question 8

**Read the extract given below and answer in HINDI the questions that follow.**
**नीचे लिखे पद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।**

ऐसो को उदार जग माहीं ।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ।।
जो गति जोग बिराग जतन करि नहिं पावन मुनि ज्ञानी ।
सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी ।।
जो सम्पत्ति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्ही ।
सो सम्पत्ति - विभीषण कहँ अति सकुच सहित प्रभु दीन्ही ।।
तुलसीदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसि मन मेरो ।
तौ भजु राम , काम सब पूरन कर कृपानिधि तेरो ।।

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

(i) तुलसीदास जी ने उदार किसे कहा है व क्यों ? (2)
(ii) तौ भजु राम , काम सब पूरन कर कृपानिधि तेरो पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए (2)
(iii) प्रस्तुत पद में निहित अन्तर्कथाओं का वर्णन कीजिए । (3)
(iv) तुलसीदास जी की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए तथा उनकी कुछ रचनाओं के भी नाम लिखिए । (3)



7

Scanned by CamScanner

## Question 9

**Read the extract given below and answer in HINDI the questions that follow.**
नीचे लिखे पद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।

मेघ आए बड़े बन - ठन के सँवर के ।
आगे - आगे नाचती - गाती बयार चली ,
दरवाजे - खिड़कियाँ खुलने लगीं गली - गली ,
पाहुन ज्यों आए हो , गाँव में शहर के ।

(i) गाँव में कौन आया है ? उसका स्वागत किस प्रकार हो रहा है ? (2)

(ii) प्रस्तुत पद में बयार के रुप में किसकी बात की जा रही है ? उसे नाचते गाते हुए दिखाकर कवि क्या कहना चाह रहे हैं ? (2)

(iii कवि ने दरवाजे और खिड़कियों के खुलने का क्या कारण बताया है ? अपने विचारों द्वारा स्पष्ट कीजिए । (3)

(iv) पाहुन ज्यों आए हो , गाँव में शहर के पंक्ति के भावात्मक पहलु को स्पष्ट करते हुए बताइए कि पाहुन का ग्रामीण संस्कृति में क्या महत्त्व है ? (3)

## Question 10

**Read the extract given below and answer in HINDI the questions that follow.**
नीचे लिखे पद्यांश को पढ़िए तथा उसके दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में दीजिए।

जव तक मनुज मनुज का यह
सुख भाग नहीं सभ होगा
शमित न होगा कोलाहल
संघर्ष नहीं कम होगा ।

उसे भूल वह फँसा परस्पर
ही शंका में भय में
लगा हुआ केवल अपने में
और भोग-संचय में ही

(i) कवि के अनुसार धरती पर संघर्ष कब तक कम नहीं होगा ? (2)

(ii) मनुष्य क्या भूल गया है ? वह किस प्रवृत्ति में पड़ गया है ? (2)

(iii) भोग - संचय का क्या तात्पर्य है ? उसके संदर्भ को कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । (3)

(iv) निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए । (3)

परस्पर , शंका , भय ,
सम , कोलाहल , शमित ।



Scanned by CamScanner